पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल के दिशा–निर्देशन में विश्वविद्यालय के कुलपतियों ने नई सम्भावनाओं के लिए एम0एस0एम0ई0 के सदस्यों से मुलाकात की

उद्योगपति एसोसिएशन विश्वविद्यालयों के संसाधनों को औद्योगिक उपयोगिता से जोड़े

विद्यार्थियों को उद्योग–विकास हेतु प्रोजेक्ट कार्य दें

औद्योगिक आवश्यकताओं पर शोध कार्य कराएं

–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊः 11 जुलाई, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज कहा कि उद्योगपति एसोसिएशन विश्वविद्यालयों के संसाधनों को औद्योगिक उपयोगिता जोड़े। उन्होंने कहा कि संसाधनों की जानकारी के लिए विश्वविद्यालयों का भ्रमण करके वे उसकी उपयोगिता का विवरण प्राप्त कर सकते है। इससे जहाँ छोटे उद्योगपतियों को मंहगे संसाधन का लाभ प्राप्त होगा, वहीं विश्वविद्यालय को उसके संरक्षण हेतु होने वाले व्यय का उपार्जन प्राप्त हो सकेगा। राज्यपाल जी आज यहाँ राजभवन में फेडरेशन ऑफ इण्डियन माइक्रो एण्ड स्मॉल एण्ड मीडियम एंटरप्राइजेस के अध्यक्ष तथा इसके छह सदस्यों और प्रदेश के विविध विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ एम0एस0एम0ई0 के प्रमुख मुद्दों पर वार्ता कर रहीं थीं।

चर्चा के दौरान राज्यपाल ने उद्योगपतियों से कहा कि वे अपने उद्योग में नवीनता लाने, उच्च तकनीक क्षमता से युक्त करने की जानकारी प्राप्त करने जैसे विविध विषयों पर विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट देकर कार्य करा सकते है। इससे विद्यार्थियों में उद्योग के प्रति रूझान और जानकारी बढ़ेगी, साथ ही में उनके उद्योग में भी क्षमता सम्बर्द्धन हो सकेगा। उन्होंने विश्वविद्यालयों को भी औद्योगिक आवश्यकताओं की पूर्ति कराने वाले शोध–कार्य कराने को कहा।

बैठक में उद्योगपतियों ने समय–सीमा के अंतर्गत कार्य–बाध्यता और विविध अनुमोदन, नियमावली तथा अन्य कागजी कार्यवाही की समस्याओं पर चर्चा की। विश्वविद्यालय से आए कुलपतियों ने उद्योगपतियों को अपने परिसर में उपलब्ध सुविधाओं से अवगत कराया तथा उन्हें साथ मिलकर कार्य करने के लिए आमंत्रित भी किया।

बैठक में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

डा0 सीमा गुप्ता/राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 8318116361